# GENVASC अध्ययन

## और आपकी NHS स्वास्थ्य जाँच

*लघु जानकारी पत्रक*

क्या आप हृदय रोग से निपटने के लिए अनुसंधान में हमारी मदद करना चाहेंगे?

जब आपकी अपनी NHS स्वास्थ्य जांच होगी तब हम आपको GENVASC अध्ययन में भाग लेने के लिए आमंत्रित करना चाहेंगे। दिल की बीमारी या अन्य परिसंचरण समस्याओं के आपके जोखिम का आकलन करने के लिए आपकी एक NHS स्वास्थ्य जांच हो रही है। जांच में आपके रक्त के एक नमूने का परीक्षण और उन कारकों की जांच शामिल हैं जिनके बारे में हम जानते हैं कि वे आपके कार्डियोवास्कुलर रोग होने के अवसरों को प्रभावित करते हैं, जैसे आपकी उम्र, लिंग, रक्तचाप, कोलेस्ट्रॉल स्तर, क्या आप धूम्रपान करते हैं या क्या आपको मधुमेह है।

जारी...

ये सभी बातें उच्चतर जोखिम वाले लोगों की पहचान करने में सहायता के लिए महत्वपूर्ण हैं और रोकथाम के उपायों को जल्दी लागू करना संभव बनाती हैं। हालांकि, ये परीक्षण एकदम सही नहीं हैं और कम या मध्यम जोखिम में पहचाने गए कुछ लोगों को अभी भी कार्डियोवास्कुलर समस्याएं हो सकती हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि अन्य कारक काम कर रहे हैं, उदाहरण के लिए कुछ परिवारों में दूसरों की तुलना में अधिक बार कार्डियोवास्कुलर रोग होता है, इसलिए जीन और DNA की भी हृदय रोग विकसित होने का जोखिम बढ़ाने में एक भूमिका है।

## GENVASC अध्ययन किस बारे में है?

हृदय रोग के जोखिम को प्रभावित करने वाले जीन की पहचान करने में हाल ही में काफी प्रगति हुई है। GENVASC अध्ययन (आनुवंशिकी और संवहनी स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम के लिए लघु), आप जैसे हजारों लोगों को शामिल करता है और इस परीक्षण को लक्षित करता है कि क्या अन्य परीक्षित जोखिम कारकों में आनुवंशिक जानकारी जोड़ने से किसमें कार्डियोवास्कुलर रोग विकसित होगा, इसके पूर्वानुमान में सुधार करने में मदद मिल सकती है।

## इसमें क्या **शामिल** है?

अध्ययन में भाग लेना वास्तव में आसान है क्योंकि यह आपकी स्वास्थ्य जांच के साथ संयुक्त है। आपको केवल इतना करना है कि हमें अपनी चिकित्सा जानकारी का गोपनीय रूप से अनुसंधान में उपयोग करने की अनुमति देने हेतु एक सहमति फ़ार्म पर हस्ताक्षर करने हैं और हमें रक्त का एक नमूना देना है। ज्यादातर मामलों में रक्त का नमूना आपके स्वास्थ्य परीक्षण का नमूना लेते समय उसी समय लिया जाता है और बाद में कोई अनुवर्ती भेंट या उपचार नहीं होता है।

## मेरे **रक्त के नमूने** और डेटा का क्या होगा?

आपके रक्त का नमूना और डेटा अध्ययन में इस्तेमाल के लिए NIHR लीसेस्टर कार्डियोवास्कुलर बायोमेडिकल रिसर्च यूनिट में सुरक्षित रूप से संग्रहीत किया जाएगा।

जारी...

इस अध्ययन में आपकी भागीदारी गोपनीय रहेगी क्योंकि आपको एक अद्वितीय अध्ययन संख्या जारी की जाएगी। आपके रक्त का विश्लेषण करने वाले अनुसंधानकर्ता केवल आपकी संख्या जान पाएंगे, आपका नाम नहीं।

यह महत्वपूर्ण अनुसंधान क्यों किया जा रहा है, के बारे में **अधिक जानकारी के लिए** कृपया विस्तृत भागीदार जानकारी पत्रक को पढ़ें। यदि आप विस्तृत जानकारी पत्रक को पढ़ने के बाद या बाद में किसी समय नाम वापस लेना चाहते हैं तो अपनी देखभाल या विधिक अधिकारों के लिए किसी पूर्वाग्रह के बिना ऐसा करने के लिए आप स्वतंत्र हैं।

भाग लेना स्वैच्छिक है, लेकिन कृपया शामिल हों। परिणाम भाग लेने के इच्छुक लोगों के एक बड़े नमूने पर निर्भर हैं और यह भविष्य के जीवनों को बचाने के लिए मदद करने में बहुत महत्वपूर्ण हो सकता है।